भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1430
दिनांक 15 **दिसंबर**, 2022

एलपीजी की खपत

†1430.**श्री जी. सेल्वम**:
श्री गजानन कीर्तिकर:
श्री धनुष एम.कुमार:
श्रीमती मंजुलता मंडल:
श्री सी.एन. अन्नादुरई:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष के दौरान घरेलू एलपीजी के मूल्यों के साथ-साथ एलपीजी की खपत का माह-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) विगत तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष के दौरान तमिलनाडु में बीपीएल परिवारों को प्रदान किए गए एलपीजी कनेक्शनों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) देश के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति परिवार एलपीजी की औसत खपत का ब्यौरा क्या है;
(घ) सरकार को देश के ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों में एलपीजी कनेक्शन प्रदान करते समय किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है;
(ड.) क्या सरकार का देश के ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में एलपीजी की उपलब्धता को सुलभ बनाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में एलपीजी एजेंसियां खोलने का विचार है और यदि हां, तो तमिलनाडु के ग्रामीण क्षेत्रों में खोली गई एलपीजी एजेंसियों का ब्यौरा क्या है; और
(च) क्या सरकार को एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने में हो रही अनियमितताओं की कई शिकायतें प्राप्त हुई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(**श्री रामेश्वर तेली**)

(क): वर्ष 2019-20, 2020-21 और 2021-22 के दौरान घरेलू एलपजी की खपत क्रमश: 23.08 एमएमटी, 25.13 एमएमटी और 25.50 एमएमटी थी। अप्रैल, 2020 से 01 दिसंबर, 2022 तक दिल्ली बाजार में घरेलू एलपीजी के मूल्यों के ब्यौरे **अनुलग्नक** में दिए गए हैं।
(ख): वर्ष 2019-20, 2020-21 और 2021-22 के दौरान तमिलनाडु में क्रमश: 1.00 लाख, शून्य (योजना चलाई नहीं जा रही थी) और 2.14 लाख पीएमयूवाई कनेक्शन उपलब्ध करवाए गए थे।

(ग): ओएमसीज ने बताया है कि उनके सॉफ्टवेयर में ग्रामीण और शहरी ग्राहकों को अलग-अलग चिन्हित नहीं किया गया है। तथापि, पीएमयूवाई के तहत अधिकांश एलपीजी कनेक्शन ग्रामीण क्षेत्रों में जारी किए गए हैं और वर्ष 2021-22 के दौरान पीएमयूवाई लाभार्थियों की औसत एलपीजी खपत 14.2 कि.ग्रा. की 3.68 रीफिल थीं।

(घ): पहचाने गए पात्र लाभार्थियों की संख्या तथा राज्यों/जिलों में एलपीजी कवरेज की तुलना में जारी किए कनेक्शनों की वास्तविक संख्या के लिहाज से पीएमयूवाई के कार्यान्वयन पर कड़ी निगरानी रखी जाती है।

ओएमसीज को मुख्यत: परिवारों की पहचान, दुर्गम क्षेत्र, एलपीजी की उपयोगिता के बारे में कम जानकारी आदि से संबंधित पेश आ रही कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए ओएमसीज और सरकार मिल कर एलपीजी के दीर्घकालिक उपयोग के फायदों को बताते हुए एलपीजी पंचायतों और प्रिंट, इलैक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चला रहे हैं।

(ड.): ओएमसीज नई एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप्स चालू करके वितरण नेटवर्क का लगातार विस्तार करती हैं। दिनांक 01.04.2014 से 01.11.2022 तक 11,700 से अधिक एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप्स को चालू किया गया है और इनमें से 90 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों की आवश्यकता पूरी कर रही हैं।

ओएमसीज ग्रामीण और दूर-दराज़ के क्षेत्रों में रिफिलों की बुकिंग और रिफिलों की डिलीवरी जैसी विभिन्न एलपीजी सेवाओं की बेहतर उपलब्धता के लिए कॉमन सर्विस सेंटरों (सीएससीज) के साथ भी मिल कर काम कर रही हैं और दिनांक 01.11.2022 की स्थिति के अनुसार 63,090 से अधिक सीएससीज (कॉमन सर्विस सेंटरों) के साथ करार किए गए हैं।

एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप्स के चयन हेतु एकीकृत दिशा-निर्देश के तहत ओएमसीज ने नई एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप्स की स्थापना हेतु 308 स्थलों के लिए विज्ञापन दिया है और दिनांक 01.11.2022 की स्थिति के अनुसार इनमें से 271 डिस्ट्रीब्यूटरशिप्स को तमिलनाडु राज्य में चालू किया है।

(च): तेल विपणन कंपनियों ने बताया है कि पिछले तीन वर्षों के दौरान उन्हें नए एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध करवाने में अनियमितताओं के 160 सिद्ध मामले प्राप्त हुए हैं। इन सभी मामलों में विपणन अनुशासन दिशा-निर्देश/डिस्ट्रीब्यूटरशिप करार के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की गई है।

****

"एलपीजी खपत" के बारे में श्री जी. सेल्वम तथा अन्य द्वारा दिनांक 15.12.2022 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1430 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

माह	14.2 **कि.ग्रा. की घरेल एलपीजी रीफिल का खुदरा बिक्री मूल्य**
01-मई-20	581.50
01-जून-20	593.00
01-जुलाई-20	594.00
01-अगस्त-20	594.00
01-सितंबर-20	594.00
01-अक्तूबर-20	594.00
01-नवंबर-20	594.00
01-दिसंबर-20	594.00
02-दिसंबर-20	644.00
15-दिसंबर-20	694.00
01-जनवरी-21	694.00
01-02-2021	694.00
04-02-2021	719.00
15-02-2021	769.00
25-02-2021	794.00
01-मार्च-21	819.00
01-अप्रैल-21	809.00
01-मई-21	809.00
01-जून-21	809.00
01-जुलाई-21	834.50
01-अगस्त-21	834.50
17-अगस्त-21	859.50
01-सितंबर-21	884.50
01-अक्तूबर-21	884.50
06-अक्तूबर-21	899.50
01-नवंबर-21	899.50
01-दिसंबर-21	899.50
1-जनवरी-2022	899.50
1-फरवरी-2022	899.50
1-मार्च-2022	899.50
21-मार्च-2022	949.50
01-अप्रैल-2022	949.50
1-मई-2022	949.50
7-मई-2022	999.50
19-मई-2022	1003.00
1-जून-2022	
1-जुलाई-2022	
6-जुलाई-2022	1053.00
1-अगस्त-2022	
1-सितंबर-2022	
1-अक्तूबर-2022	
1-नवंबर-2022	
1-दिसंबर-2022	

स्रोत: सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां